funds, about 590 thousand tonnes of wheat will be supplied The entire quantity is expected to arrive in India by August, 1967

बिहार मे पर्यटक महत्व के स्थान

2190. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद**
श्री कामेश्वर सिंह
श्री निहाल सिंह :
श्री श्रीचरन :
श्री शिवपूजन शास्त्री
श्री शिवचन्द्र झा :

क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेगे कि

(क) बिहार म पर्यटक महत्व के स्थानो का, विशेषकर राजगीर, नालदा, पावापुरी और बोध गया का विकास करने के लिय अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ,

(ख) चालू वर्ष म पर्यटक स्थानो के विकास के लिये क्या कार्यवाही की गई है , और

(ग) आगामी पाच वर्षो के लिय क्या योजना बनाने का विचार है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) (क) बिहार म पर्यटक महत्व के स्थानो पर पर्यटन सुविधाओ की व्यवस्था करने के लिय निम्नलिखित उपाय किय गए है

(1) राजगीर मे एक पर्यटक शाला का निर्माण किया जा रहा है (2) राजगीर मे एक चेयरलिफ्ट स्थापित की जा रही है , (3) 1956 मे बनाय गये पर्यटक बगले (श्रेणी I) की आवास व्यवस्था का विस्तार किया जा रहा है। पावापुरी और नालन्दा मे अभी तक कोई पर्यटन योजनाए आरम्भ नहीं की गयी है।

(ख) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान चौथी पचवर्षीय योजना के भाग 2 के अन्तर्गत निम्नलिखित स्कीमे आरम्भ करने का प्रस्ताव है —

(i) राजगीर मे पर्यटक शाला का पूरा किया जाना ,

(ii) राजगीर मे चेयरलिफ्ट के स्थापन कार्य का पूरा किया जाना ,

(iii) बरही (हजारीबाग क्षेत्र) मे एक मोटल का निर्माण और

(iv) नालन्दा मे एक पर्यटक स्वागत केन्द्र का निर्माण।

(ग) इनको राज्य सरकारो से परामर्श करके अभी अन्तिम रूप दिया जाना है।

महेशी स्टेशन–सीतामढ़ी रोड

2191. **श्री क० मि० मधुकर :** क्या **परिवहन तथा नौवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेगे कि

(क) क्या रक्षा प्रयोजना सीमा सडक के विकास सबधी योजना के एक अग के रूप मे जिला चम्पारन के महेशी स्टेशन तथा बाजार होकर सीतामढी के बीच एक सीधा सपर्क स्थापित करने हेतु एक सडक का निर्माण करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ,

(ख) क्या यह भी सच है कि इस सडक के निर्माण के लिये एक प्रारम्भिक सर्वेक्षण किया जा चुका है ,

(ग) यदि हा, तो इसका निर्माण, कार्य चालू करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है , और

(घ) यदि नही, तो विलम्ब के क्या कारण है ?

परिवहन तथा नौवहन मंत्री (डा० वी० के० आर० वी राव) (क) जी नही। यह सडक बन जाने के बाद एक राज्य सडक होगी। अत इस परियोजना से